प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य में आजसू और जदयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी भाजपा, पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– सहयोगी दलों से हो चुकी है बात।**

2. **राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर हो रही है बारिश, मौसम विभाग ने कल रांची, खूंटी और लोहरदगा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।**

3. **झारखंड के 70 मजदूर मलेशिया में फंसे, सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर सरकार से लगायी वतन वापसी कराने की गुहार।**

4. **झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने एमएस रामचन्द्र राव, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलायी शपथ।**

5. **ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर–13 बैडमिंटन रैंकिंग चौंपियनशिप कल से रांची में, देशभर के 400 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा।**

****

भाजपा के झारखंड सह–चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि भाजपा राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव जनता दल यूनाइटेड–जेडीयू और ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन–आजसू पार्टी के साथ लड़ेगी। उन्होंने कहा कि सीटों को लेकर कोई विवाद नहीं है। रांची में पत्रकारों से बात करते हुए श्री सरमा ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का फॉर्मूला अंतिम चरण में है और अक्तूबर के पहले सप्ताह में इसकी घोषणा कर दी जायेगी।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब का असर झारखंड पर दिख रहा है। रांची, पलामू और गढ़वा समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने 27 सितंबर तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल रांची, खूंटी और लोहरदगा में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

****

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह परिवर्तन यात्रा के धनबाद के प्रमंडलीय प्रभारी डा रविंद्र राय ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में श्री राय ने कहा कि झामुमो–कांग्रेस गठबंधन विभाजन की राजनीति कर रही है।

****

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार जाति– धर्म से ऊपर उठकर प्रदेशहित में कदम उठा रही है।

****

मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूरों के फंसे होने का मामला सामने आया है। मलेशिया में फंसे मजदूर राज्य के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। मजदूरों ने वीडियो में बताया है कि पिछले चार माह से कंपनी ने उनको वेतन नहीं दिया है, जिसकी वजह से उनके समक्ष आर्थिक संकट के साथ–साथ खाने–पीने की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

****

मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवधि के दौरान देश में युवाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं। एक रिपोर्ट

****

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज झारखंड समेत पूरे देश में मनायी जा रही है। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि महान राष्ट्रवादी विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय अवधारणा, विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री मोदी ने कहा कि देश के प्रति उनकी सेवा और समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को महान देशभक्त, राजनीतिज्ञ और मानवता के प्रति समर्पित नेता बताया। श्री शाह ने कहा कि अन्त्योदय की उनकी अवधारणा ने सामाजिक एकता को सुदृढ किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने न केवल भारत को बल्कि पूरे विश्व को नया आर्थिक दर्शन दिया है तथा राजनीति में शुचिता और प्रामाणिकता स्थापित की है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्यीय के विचार और पूरा जीवन हर एक के लिए प्रेरणा स्रोत है।

****

न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव ने आज झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। राजभवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने उन्हें शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, हाईकोर्ट के कई अन्य न्यायाधीशों के अलावा महाधिवक्ता राजीव रंजन समेत कई अधिवक्ता भी मौजूद थे।

****

रामगढ़ जिले में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन की मेजबानी में कल से एक अक्तूबर तक रांची में ऑल इंडिया सब जूनियर अंडर–13 बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा। मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में सभी मुकाबले खेले जायेंगे। एसोसिएशन के प्रभाकर राव और रांची बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष आरके मल्लिक ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 400 खिलाड़ी भाग लेंगे।

********समाप्त***************